WIEGO बाल देखभाल पहल

कामकाजी गरीब से संबंधित छह सदस्य-आधारित संगठनों (MBOs) से असंगठित महिला श्रमिकों और बच्चों की देखभाल पर शोध निष्कर्षों का सारांश

संक्षिप्त रिपोर्ट लॉरा अल्फ़र्स

परिचय

कई समुदायों में महिलाएं परिवार - बच्चे, बुज़ुर्ग और बीमार की देखभाल से संबंधित अधिकांश जिम्मेदारियां संभालती हैं। यू.एन. विमेन (2015) का कहना है कि दुनिया भर में पुरुषों की तुलना में महिलाएं देखरेख करने में उनसे ढाई गुणा ज़्यादा समय बिताती हैं। यह ऐसा काम है जो परिवारों के लिए और समग्र रूप से समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन आम तौर पर उसे काम के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है (एल्सन, 2000), और महिलाओं को इस काम के लिए कोई पैसा नहीं मिलता है, यही वजह है कि इसे "अवैतनिक देखभाल काम" कहा जाता है। कई महिलाएं आय अर्जित करने के लिए भी काम करती हैं। उन्हें ऐसा करना पड़ता है क्योंकि अन्यथा परिवार के पास पर्याप्त पैसा नहीं होता। महिलाएं इसलिए भी काम करती हैं, क्योंकि वे ऐसा करना चाहती हैं; वे परिवार की आय में योगदान करके सशक्त महसूस करती हैं, और यह उनकी स्वतंत्रता से भी जुड़ जाता है। लेकिन, आय अर्जित करने का मतलब यह नहीं है कि महिलाओं की देखभाल संबंधी जिम्मेदारियां कम हो जाती हैं - उनसे उम्मीद की जाती है कि वे देखभालकर्ता और श्रमिक, दोनों बनें, और इसीसे कई परेशानियां उत्पन्न होती हैं।

उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि अवैतनिक देखभाल संबंधी काम की जिम्मेदारी इस तथ्य में योगदान देती है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं द्वारा रोजगार के ऐसे स्वरूपों में काम करने की अधिक संभावना है जो असुरक्षित हैं और जहां आय कम है। इस बात की अधिक संभावना है कि जब उनके बच्चे बहुत छोटे हों, तब महिलाएं अंशकालिक काम करें या काम करना बंद कर दें (कुक और डॉन्ग; रज़वी, 2011)। महिलाओं को देखभालकर्ताओं के रूप में देखे जाने पर भी उनकी आय प्रभावित होती है क्योंकि महिलाओं की कम-आय वाले "देखभाल" संबंधी व्यवसायों में काम करने की अधिक संभावना है, जिसमें बच्चों की देखभाल से संबंधित वेतन वाले काम और घरेलू काम भी शामिल हैं (लुंड, 2010)। बदले में, कम आय का मतलब है कि महिलाओं के पास बच्चों की देखभाल पर खर्च करने के लिए ज़रूरी समय या आवश्यक संसाधन नहीं हैं। यह उन्हें इस बात के लिए दुखी और दोषी महसूस कराएगा कि वे अपने बच्चों या परिवार के सदस्यों की वैसी देखभाल नहीं कर पा रही हैं जैसा वे करना चाहती हैं।

असुरक्षित रोजगार, कम आय, और अनियमित श्रम-शक्ति की भागीदारी का मतलब है कि सामान्यतः पुरुषों की तुलना में महिलाएं आर्थिक रूप से बहुत कम सुरक्षित हैं। यह आर्थिक असुरक्षा, जीवन

अनौपचारिक हेड पोर्टर श्रमिक हाकिया लतीफ़, अकरा, घाना के एक बाज़ार में अपने सिर पर माल ढोती है और अपनी पीठ पर अपने बच्चे को ले जाती है।
चित्र: जोनाथन तोर्गोवनिक / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

भारत के अहमदाबाद में स्थित बाल सेवा केंद्र में स्वस्थ आहार से संबंधित पोषक-तत्वों की एक बैठक के दौरान व्याख्यान सुनती महिलाओं का एक समूह। चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

भर के लिए हो सकती है, क्योंकि अवैतनिक देखभाल कार्य के परिणामस्वरूप आय की क्षति का मतलब है महिलाएं अपने बुढ़ापे के लिए पैसे बचाने में कम सक्षम हैं। जबकि यह समस्या सभी महिला श्रमिकों द्वारा अनुभव की जाती है, तथापि यह अधिकांशतः विश्व के दक्षिणी हिस्सों में असंगठित श्रमिकों द्वारा अधिक तीव्रता से महसूस की जाती है, जिन्हें ऐसे श्रम और सामाजिक सुरक्षा हासिल नहीं है जो बच्चे की देखभाल और वैतनिक कार्य के प्रबंधन के लिए इन औपचारिक महिला श्रमिकों की मदद कर सके। इस प्रकार अवैतनिक देखभाल कार्य की जिम्मेदारी सामाजिक असमानता उत्पन्न करती है और मजबूत करती है।

यह आलेख विमेन इन इनफ़ॉर्मल एम्प्लॉयमेंट: ग्लोबलाइज़िंग एंड ऑर्गनाइज़िंग (WIEGO) और उसके सहयोगी संगठनों द्वारा किए गए शोध अध्ययन के निष्कर्षों का सार है, जो सभी असंगठित श्रमिकों के सदस्य-आधारित संगठन (MBOs) हैं। यह अध्ययन बेहतर तरीक़े से यह समझने के लिए किया गया है कि किस प्रकार अवैतनिक देखभाल कार्य, विशेष रूप से छोटे बच्चों की देखभाल - असंगठित महिला श्रमिकों की आय और उत्पादकता को प्रभावित करता है। इसमें यह भी समझने का प्रयास है कि किस प्रकार वैतनिक कार्य में महिलाओं की सहभागिता उनके परिवारों की देख-रेख की क्षमता को प्रभावित करती है, और इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश भी शामिल है कि वे किस प्रकार बच्चों की देखभाल और वैतनिक कार्य के बीच संतुलन करती हैं। शोध का लक्ष्य ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने की सिफ़ारिशें करना है जो असंगठित महिला श्रमिकों को अपने बच्चों की देखभाल करने की जिम्मेदारी और साथ ही, आय अर्जित करने की क्षमता में सुधार के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने में मदद करें।

इस अनुसंधान में ब्राज़ील के जोआओ मोनलेवाडे में अल्टीमोरजाम को-ऑपरेटिव (कचरा बीनने वाले क्षेत्र का प्रतिनिधित्व), अकरा, घाना में घाना एसोसिएशन ऑफ़ मार्केट्स (GAMA) और इनफ़ॉर्मल हॉकर्स एंड वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ़ घाना (IHVAG) (बाज़ार और सड़क के व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व), अहमदाबाद, भारत में सेल्फ़ एम्प्लॉयड विमेन्स एसोसिएशन (SEWA) (घरेलू कार्यकर्ताओं, सड़क व्यापारियों, और कृषि श्रमिकों का प्रतिनिधित्व), डरबन, दक्षिण अफ्रीका में साउथ अफ़्रीकन इन्फ़ॉर्मल वर्कर्स एसोसिएशन (SAIWA) (बाज़ार और सड़क व्यापारियों तथा कचरे बीनने वालों का प्रतिनिधित्व), और बैंकॉक, थाईलैंड में HomeNet थाईलैंड (HNT) (घरेलू कार्यकर्ताओं और बाज़ार तथा सड़क व्यापारियों का प्रतिनिधित्व) नामक MBOs ने भाग लिया था। अक्तूबर और दिसंबर 2015 के बीच फ़ोकस समूहों और व्यक्तिगत साक्षात्कारों के संयोजन का उपयोग करते हुए कुल 159 महिला श्रमिकों का साक्षात्कार लिया गया। उनमें से नब्बे प्रतिशत महिलाएं 6 साल से कम उम्र वाले बच्चों की देखभाल कर रही थीं। नमूने के संपूर्ण विश्लेषण के लिए, कृपया संपूर्ण अध्ययन रिपोर्ट देखें, जिसे [लिंक] से डाउनलोड किया जा सकता है।

बच्चों की देखभाल और असंगठित महिला श्रमिकों की आय के बीच का संबंध

अध्ययन में पाया गया कि बच्चों की देखभाल असंगठित महिला श्रमिकों की आय को विभिन्न तरीक़ों से प्रभावित कर सकती है। इनमें निम्न शामिल हैं:

i) रोजगार के चयन में बदलाव

हमें अन्य शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं को छोटे बच्चों की देखभाल करने करनी होती है, तो वे ऐसे काम का चयन करती हैं जो अधिक लचीला हो, लेकिन जहां काम के घंटे नियमित न हो, और जहां आय कम हो (कुक और डांग, 2011)। इस अध्ययन में भी यही वास्तविकता नज़र आई। थाईलैंड में, घरेलू श्रमिकों ने कहा कि उन्हें पता था कि "घर से बाहर काम करने" का मतलब है कि उन्हें बेहतर वेतन और अधिक नियमित रूप से काम मिल सकता है, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि उनकी बुद्धिमानी घर पर रह कर काम करने में है, क्योंकि यहां वे आय भी अर्जित कर सकती हैं, अपने बच्चों की देखभाल कर सकती हैं, और घर के कामकाज कर सकती हैं। दक्षिण अफ़्रीका के कचरा बीनने वालों ने भी कुछ इसी तरह की बात की; कि इस प्रकार के कम वेतन वाले काम को करने का कारण था कि इसमें उनके काम के घंटे लचीले होते हैं, जिससे उन्हें अपने बच्चों को सँभालने के लिए अधिक समय मिलता है।

ii) काम के समय में बदलाव

बच्चों की देखभाल करने से महिलाओं के काम का समय प्रभावित होता है और वे कम पैसे कमाती हैं। अकरा में, सड़कों पर व्यापार के

बैंकॉक, थाईलैंड में 6 महीने की बच्ची सोते हुए, जबकि उसकी माँ गार्मेंट फ़ैक्टरी में काम करती है।
चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

> **“इससे पहले जब मेरे छोटा बच्चा नहीं था, मैं देर तक काम करती थी, लगभग 16:00 या 17:00 बजे तक। शाम को ट्रक अच्छी सामग्री लाते हैं और मुझे लगता है कि मैं यह सब खरीदने का मौक़ा खो रही हूँ ”**
>
> दक्षिण अफ़्रीकी बाज़ार व्यापारी।

लिए सबसे अच्छा समय सुबह-सवेरे है जब लोग काम पर जाते हैं और शाम को जब लोग घर वापस लौटते हैं। घाना के व्यापारी ने बताया कि हालांकि, “यही वह समय है जब आपके बच्चे को आपकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है” - नाश्ते की आवश्यकता और स्कूल पहुँचाना। इसका मतलब यह है कि छोटे बच्चों वाली महिला व्यापारी दिन के सबसे अधिक उत्पादक समय में काम करने की स्थिति में नहीं रहती। कार्यसमय में परिवर्तन बेचने और साथ ही साथ, खरीदने की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकते हैं। दक्षिण अफ़्रीका में, एक व्यापारी ने शिकायत की कि उसे अपने बच्चे को चाइल्ड केयर सेंटर से वापस लाने के लिए काम के समय में कटौती करनी पड़ती है, जिसका मतलब है कि वह बेहतरीन थोक उत्पादों को नहीं खरीद पाती जो केवल बाद में बाज़ार में आते हैं।

iii) घर के अंदर और बाहर उत्पादकता में कमी

जब महिलाएं अपने नन्हें बच्चों को काम करते समय अपने पास रखती हैं, तो इससे उनकी उत्पादकता कम होती है, जो उनकी आय को प्रभावित करती है। इस अध्ययन में, जिन अधिकांश महिलाओं ने अपने बच्चों को अपने साथ रखा था वे घरेलू श्रमिक थीं। उन्होंने शिकायत की कि काम करते हुए साथ में बच्चों की देखभाल से वे बहुत थक जाती हैं, और इससे उनका ध्यान उत्पाद बनाने के काम से भी हट जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे बच्चे उन उत्पादों को नुकसान भी पहुँचा सकते हैं जिन पर वे काम कर रही हैं, जिससे उन्हें मरम्मत पर भी समय खर्च करना पड़ सकता है। मछली पकड़ने का जाल बनाने वाली एक घरेलू थाई महिला ने कहा, “मेरा पोता मछली पकड़ने के जाल को पकड़ता और खींच लेता है ... कभी-कभी उनमें गाँठ पड़ जाती है, और मुझे उन्हें ठीक करना पड़ता है,” ।

कुछ महिलाएं जो घर से बाहर काम करने जाती हैं वे भी काम पर अपने बच्चों को साथ रखती हैं। यह ऐसी महिलाओं के लिए बहुत मुश्किल हो सकता है जो सार्वजनिक स्थलों में काम करती हैं, जहां छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त बुनियादी सुविधाएं नहीं होती। एक मामले में एक दक्षिण अफ़्रीकी व्यापारी ने कहा कि जब मौसम खराब होता था तब वह काम पर नहीं आ सकती थी क्योंकि वहां उसके बच्चे के लिए कोई आश्रय नहीं था।

> **“जब बच्चे हमारे साथ नहीं होते हैं तो हम तेजी से काम कर सकते हैं... [मेरा बच्चा] मेरे काम में बाधा डालता है। मैं बेचने के लिए रोटियां बनाती हूँ। मुझे हमेशा डर रहता है कि कहीं वह गर्म तवे को छू न ले और खुद को जला न ले। कभी-कभी वह घर से बाहर चला जाता है और मुझे उसे वापस लाने के लिए उसके पीछे-पीछे भागदौड़ करनी पड़ती है ”**
>
> भारतीय घरेलू श्रमिक।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि महिलाओं की देखभाल संबंधी जिम्मेदारियां और उनकी आय के बीच संबंध दो दिशाओं में काम करते हैं। देखभाल की जिम्मेदारियां, उनके काम करने के समय को सीमित करते हुए, और जो समय वे अपने कार्य को दे सकती हैं उसकी गुणवत्ता पर असर डालते हुए, महिलाओं द्वारा अर्जित की जाने वाली राशि को

भारत के अहमदाबाद में स्थित बाल सेवा डेकेयर की एक टीचर काशा सोलंकी, 3 वर्षीय बच्चे के साथ बैठी हुई।
चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

प्रभावित करती है। साथ ही पैसे के लिए काम करने से महिलाओं द्वारा अपने बच्चे की देखभाल की गुणवत्ता और मात्रा भी प्रभावित होती है। कई असंगठित महिला श्रमिकों ने उस गर्व की बात की जो वे परिवार के लिए पैसे कमाने में सक्षम होने पर महसूस करती हैं। लेकिन, वे इस बात से भी चिंतित हैं कि उनके लंबे कार्य समय के कारण उनके परिवार का जीवन किस प्रकार प्रभावित होता है। भारत में एक महिला ने शिकायत की कि उसका परिवार अब साथ मिल कर खा नहीं सकता है क्योंकि उनके काम का समय अलग-अलग है। महिलाओं ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है मानो वे अपने बच्चों की उपेक्षा कर रही हैं जब वे काम करने के लिए बाहर जाती हैं, अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामान्य विकास पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंतित रहती हैं। उन्होंने कहा कि इससे उनके तनाव के स्तर में वृद्धि हुई है और इसके कारण उन्हें ठीक से काम करने में परेशानी होती है।

> **“मैं अपने बच्चे को काम पर जाते समय साथ ले जाती हूँ लेकिन जब मौसम ख़राब होता है, जैसे कि बारिश हो रही हो, या तेज़ हवा चल रही हो और/या बहुत गर्मी हो, तो जहां मैं काम करती हूँ वहां कोई आश्रय नहीं होने के कारण मैं अपने साथ काम पर अपने बच्चे को नहीं ले जा सकती हूँ, इसलिए मैं घर पर रह जाती हूँ”**
> दक्षिण अफ़्रीकी व्यापारी।

साक्षात्कार में यह भावना ज़ोरदार तरीक़े से उभर कर आई कि बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी को सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में ज़्यादा देखा जाना चाहिए क्योंकि महिलाओं के पास आय और अपने बच्चों के लिए पर्याप्त देखभाल, दोनों के लिए समय नहीं होता। ब्राज़ील में अनुसंधान में भाग लेने वालों ने कहा कि उन्हें लगता है कि अपने बच्चों के लिए समय न दे पाने वाली कामकाजी माताओं की क्षतिपूर्ति के लिए सुलभ बाल देखभाल केंद्र, साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित नीतियों द्वारा महिलाओं का समर्थन करने की जिम्मेदारी सरकार की है।

> **“कभी-कभी आप बच्चों के बारे में ज़्यादा सोचती हैं जब वे आप से दूर रहते हैं; आप देखती हैं कि कैसे अन्य बच्चों की परवाह की जा रही है और जानती हैं कि आप अपने बच्चों के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर रही हैं। इसकी वजह से आप बाज़ार में एकाग्रता खो देती हैं जिससे आप अच्छी तरह माल बेच नहीं पाती हैं”**
> घाना बाज़ार व्यापारी।

असंगठित महिला श्रमिकों द्वारा बच्चे की देखभाल के लिए प्रयुक्त विकल्प

चित्र 1 में इस अध्ययन में जिन असंगठित महिला श्रमिकों का साक्षात्कार लिया गया उनके द्वारा प्रयुक्त बच्चों के देखभाल के विकल्पों का विश्लेषण प्रस्तुत है। अधिकांश प्रतिभागियों ने (52 प्रतिशत) काम करते समय बच्चे की देखभाल के अपने प्राथमिक स्वरूप में बच्चों की देखभाल सुविधा का उपयोग किया। बच्चों की देखभाल का अगला सबसे सामान्य स्वरूप था परिवार के सदस्यों द्वारा (27 प्रतिशत), आम तौर पर दादी, चाची या बड़ी बेटी द्वारा देखभाल, जिसके बाद बच्चों को काम पर साथ ले जाना या घर पर रह कर काम करते हुए उनकी देखभाल करना (20 प्रतिशत) था।

31 विकासशील देशों के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि कामकाजी महिलाओं में से केवल 4 प्रतिशत महिलाओं को बच्चों की संगठित देखभाल तक पहुँच हासिल थी (यू.एन. महिला, 2015)। इस अध्ययन में, और अधिक महिलाओं ने इन सेवाओं का उपयोग किया

चित्र 1: देश भर में एकीकृत अनौपचारिक महिला श्रमिकों द्वारा प्रयुक्त प्राथमिक बाल देखभाल विकल्प



बैंकॉक, थाईलैंड में घर पर रह कर काम करने वाली एक श्रमिक कपड़े सीती हैं जबकि उसके पोते अपने घर में खेलते हैं।
चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

था। जिन देशों में अध्ययन किया गया वहां की परिस्थितियों की वजह से और जिन महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया उनके संगठनों के कारण यह संभव हो सका, जहां अपने सदस्यों को बाल देखभाल सेवाओं के बारे में शिक्षित करने का प्रयास किया गया, और SEWA के मामले में अपने सदस्यों को यह सुविधा भी प्रदान की गई। SEWA ने बच्चों के देखभाल केंद्रों के अलावा भारत की महिलाओं को मुफ़्त में, सरकार के एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) केंद्रों तक पहुँच भी प्रदान की है। ब्राज़ील में 1960 के दशक से सरकार ने बच्चों की निःशुल्क देखभाल सेवा प्रदान की है (ओगांडो और ब्रिटो, 2016), तथा घाना की महिलाओं ने सूचित किया कि वे अपने बच्चों को यहां तक कि 1 वर्ष के बच्चों को पूर्व-स्कूल में भेजने में सक्षम हैं।

इस अध्ययन में महिला श्रमिकों द्वारा प्रयुक्त सभी बच्चों के केंद्र एकसमान नहीं थे। उनके द्वारा प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के केंद्रों को संक्षेप में निम्नानुसार प्रस्तुत किया जा सकता है:

- सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सार्वजनिक बच्चों के देखभाल केंद्र (ब्राज़ील, ICDS का उपयोग करने वाली भारत की कुछ महिलाएं, और थाईलैंड जहां बैंकॉक नगरपालिका बच्चों की कुछ देखभाल सेवाएं मुफ्त प्रदान करती है)

- राज्य विनियमन के अधीन MBOs या NGOs द्वारा उपलब्ध कराए गए लाभेतर बच्चों के देखभाल केंद्र (जैसे कि भारत में SEWA द्वारा प्रदान की गई है)

- समुदाय के सदस्यों द्वारा संचालित निजी, असंगठित बच्चों के देखभाल केंद्र जो सरकार द्वारा विनियमित नहीं हैं (इनका सबसे अधिक दक्षिण अफ़्रीका की महिलाओं द्वारा इस्तेमाल किया गया)

- स्कूलों से जुड़े प्रारंभिक शिक्षा केंद्र (घाना)

ऐसा नहीं है कि इस अध्ययन में शामिल सभी महिलाएं अपने बच्चों को बच्चों के देखभाल केंद्र में भेजना चाहती हैं - थाईलैंड में घरेलू श्रमिकों के एक समूह ने कहा कि "हमारे लिए अपने बच्चों की देखभाल करना और परवरिश करना ही ख़ुशी है," भले ही काम "थकाऊ" हो और साथ ही बच्चों की देखभाल करनी पड़े, और कम आय कमाएं। लेकिन, कई महिलाओं ने यह भी कहा कि वे चाहती थी कि उन्हें काम करते समय अपने बच्चों को साथ न रखना पड़े; क्योंकि यह न केवल उन्हें अपने काम से विचलित करता है, बल्कि कार्यस्थल छोटे बच्चों के लिए ख़तरनाक हो सकते हैं। ऐसा विशेष रूप से उन महिलाओं के मामले में था, जो बाज़ार जैसे सार्वजनिक स्थलों में काम करती हैं, और सड़क व्यापारी तथा कचरा बीनने वाली हैं, जिन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों के खोने या व्यस्त सड़कों में चलने-फिरने से चिंतित रहती हैं। घरेलू श्रमिकों ने छोटे बच्चों के बारे में ऐसी कहानियां सुनाई जिसमें बच्चों ने उनके कार्यस्थल पर मौजूद ख़तरनाक वस्तुओं को निगल लिया या धूल तथा धुएं को श्वास में लेने की वजह से उनमें साँस लेने की समस्याएं उत्पन्न हुईं, और जब उनके देखभालकर्ताओं का ध्यान अपने काम पर था तो वे पड़ोस में खो गए।

अन्य महिला श्रमिकों ने कहा कि उन्होंने अपने बच्चों के लिए परिवार के विश्वसनीय सदस्य द्वारा देखभाल को प्राथमिकता दी। हालांकि, इस तरह की व्यवस्थाओं से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को भी उठाया गया। दक्षिण अफ्रीका में महिलाओं ने शिकायत की कि परिवार के उन सदस्यों और पड़ोसियों को भुगतान किया जाना चाहिए जो देखभाल का काम करती हैं - यह कोई निःशुल्क व्यवस्था नहीं थी, और घाना की

रत्तना चालेर्मचाई थाईलैंड के बैंकॉक में अपनी पोती की देखभाल करते हुए घर पर रह कर गार्मेंट वर्कर के रूप में काम करती हैं।
चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

महिलाओं ने कहा कि वे अच्छी तरह से देखभाल करने के मामले में हमेशा अपने परिवार के सदस्यों पर भरोसा नहीं कर सकती हैं। भारत में, बड़ी बेटियां अक्सर अपने छोटे भाई-बहनों की देखभाल करती हैं, जिसके कारण वे स्कूल नहीं जा पाती हैं (ASK, 2011)। थाईलैंड में जिन महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया उनमें से अधिकांश स्वयं दादी थीं, जो अपने नन्हे पोते-पोतियों की देखभाल कर रही थीं ताकि उनके बच्चे काम पर जा सके। कई मामलों में उनके बच्चे अपने कम वेतन की वजह से वित्तीय रूप से योगदान देने में सक्षम नहीं थे, जिसका मतलब था कि दादियां व्यवसाय स्थापित करें ताकि वे अपने पोता-पोतियों की देखभाल के लिए पर्याप्त धन कमा सके।

जो महिला श्रमिक बच्चों के देखभाल केंद्रों का इस्तेमाल करती थीं, उनकी भी शिकायतें थीं, हालांकि उन महिलाओं के लिए वास्तव में कुछ फ़ायदे थे जिन्हें उन तक पहुँच हासिल था। घरेलू श्रमिकों ने बताया कि किस प्रकार इससे उन्हें अपने तनाव से राहत मिलती है और उन्हें आय अर्जन पर बेहतर रूप से ध्यान केंद्रित करने का मौक़ा मिलता है। ब्राज़ील में, एक कचरा बीनने वाले ने कहा, जो हाल ही में शहर आई थी और जिसके पास बच्चे की देखभाल के लिए निर्भर रहने हेतु कोई परिवार नहीं था, कि उसके लिए काम करने में सक्षम होने के लिए बच्चों की देखभाल आवश्यक है, विशेष रूप से जिन ख़तरनाक परिस्थितियों में वह काम करती है और जो बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं है। उसने कहा, "दिन में देखभाल की सुविधा के बिना, मैं काम नहीं कर सकती हूँ। जब कोई दिन में देखभाल करने के लिए नहीं होता है, तो मैं काम नहीं करती हूँ"। भारत में SEWA द्वारा संचालित बच्चों के देखभाल केंद्रों ने दर्शाया कि महिलाओं द्वारा काम करने के दिनों की संख्या में वृद्धि हुई है, और इससे उनकी आय प्रति माह 500-1,000 रुपये (US$ 8-16) तक बढ़ी है। यह भी स्वीकार किया गया कि बच्चों के देखभाल केंद्र बच्चों को शिक्षा के अवसर मुहैया कराते हुए जीवन में अच्छी शुरूआत प्रदान कर सकते हैं जो हमेशा माँ नहीं दे सकती। घाना की एक बाज़ार व्यापारी ने कहा "मैं अपने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल ले जाती हूँ - मैं नहीं चाहती कि वे मेरे जैसा बनें"।

इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, अध्ययन में यह पता लगाने की कोशिश की कि जिन महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया उनमें से 48 प्रतिशत महिलाएं क्यों बच्चों के देखभाल केंद्रों का उपयोग नहीं कर रही हैं। कुछ महत्वपूर्ण कारण इस प्रकार हैं:

लागत: यह विशेष रूप से गरीब कामकाजी महिलाओं के लिए पहुँच हासिल करने में आने वाली एक महत्वपूर्ण बाधा है। इस अध्ययन में बच्चों के देखभाल केंद्रों की लागत दक्षिण अफ़्रीकी महिलाओं के लिए मुख्य समस्या है, जहां 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए कोई सार्वजनिक प्रावधान नहीं है। बच्चों की देखभाल की लागत केवल शुल्क से संबंधित नहीं है, बल्कि खुलने का समय और दूरी भी इसके कारण हैं जो उपयुक्त नहीं होने पर लागत को काफ़ी बढ़ा सकते हैं।

खुलने का समय: बच्चों के देखभाल केंद्रों के खुलने का समय अक्सर असंगठित महिला श्रमिकों के काम के घंटे से मेल नहीं खाता है - वे काम शुरू होने के बाद खुलते और काम ख़त्म होने से पहले बंद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में अंतराल भरने के लिए या तो अपने परिवार पर या पड़ोसियों पर निर्भर करना पड़ता (जो बच्चों के देखभाल केंद्र पर निर्भरता की कुल लागत में वृद्धि करते हैं) या अपने काम के घंटे कम करके/बदल कर महिलाओं को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती।

दूरी: अगर केंद्र उस जगह से बहुत दूर है जहां महिलाएं काम काम करती और/या रहती हैं, तो उनके द्वारा केंद्र का उपयोग करने की कम संभावना है क्योंकि उन्हें असुविधा होती है तथा लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

देखभाल की गुणवत्ता: यह सभी महिला श्रमिकों के लिए चिंता का महत्वपूर्ण विषय था। महिला श्रमिकों के लिए बच्चों के देखभाल केंद्रों के लाभ उस स्थिति में ज़्यादा कमज़ोर हैं जब महिलाएं उनके बच्चों पर दिए जाने वाले ध्यान की गुणवत्ता पर भरोसा नहीं करती

> **"मैं एक बार अपनी बेटी को क्रेच ले गई... कई प्रकार की लागत शामिल थीं; इससे पहले कि मैं काम पर जाऊँ, मुझे अपनी बेटी की देखभाल के लिए किसी को भुगतान करना पड़ता जब कि बेटी उसे क्रेच पहुँचाने वाली कार की प्रतीक्षा करती। क्रेच बंद होने के बाद भी उस व्यक्ति को बच्ची की देखभाल करनी पड़ती... जिससे मैं उसके लिए भी भुगतान करती... इस प्रकार मुझे इस व्यक्ति, परिवहन तथा क्रेच को पैसा चुकाना पड़ता"**
> दक्षिण अफ़्रीकी व्यापारी

मयूरी सुएपवोंग एकल माँ है, जो थाईलैंड के बैंकॉक में घर पर रह कर गार्मेंट वर्कर के रूप में काम कर रही है। उसकी बेटी स्कूल के बाद उसकी मदद करती है।
चित्र: पॉला ब्रॉनस्टीन / गेट्टी इमेजस रिपोर्टेज

हैं। प्रदान की जा रही देखभाल की गुणवत्ता पर भरोसा नहीं करने का यह भी मतलब है कि महिलाओं द्वारा देखभाल की अन्य प्रकार की व्यवस्थाओं का उपयोग करने की संभावना ज़्यादा है।

बच्चे की देखभाल और आय अर्जन कार्य में संतुलन हेतु असंगठित महिला श्रमिकों के समर्थन के लिए नीतियां

असंगठित रोजगार की प्रकृति के कारण, जहां कम आय, लंबे घंटे और कोई श्रम व सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान नहीं हो, महिलाओं और पुरुषों के लिए अपने बच्चों की देखभाल के उस तरीक़े को अपनाना मुश्किल हो जाता है जैसा कि वे करना चाहते हैं। असंगठित अर्थव्यवस्था में रोजगार की स्थिति में सुधार लाना ज़रूरी है और इसके लिए व्यापक आर्थिक और सामाजिक नीति में परिवर्तन की आवश्यकता है (चेन, झाबवाला और लुंड, 2011)। साथ ही इस शोध से पता चलता है कि महिलाओं को अपनी देखभाल तथा कामकाजी जिम्मेदारियों के बीच संतुलन पैदा करने के लिए समर्थन देने हेतु सामाजिक नीतियों की भी आवश्यकता है; जो उन्हें अपनी आय में सुधार करने, उनको तनाव और चिंता से राहत दिलाने, और परिवार के अन्य सदस्यों, विशेष रूप से दादा-दादी और बड़ी बेटियों के बोझ को हल्का करने में मदद करे, जो तब अक्सर देखभाल का भार अपने कंधों पर उठाती हैं जब माता-पिता ऐसा करने में असमर्थ होते हैं।

अच्छी गुणवत्ता, किफ़ायती सार्वजनिक बच्चों के देखभाल केंद्रों का प्रावधान एक महत्वपूर्ण तरीक़ा है जिसके ज़रिए सरकार इस संबंध में असंगठित महिला श्रमिकों का समर्थन कर सकती है। SEWA ने दर्शाया है कि उनके बच्चों के देखभाल केंद्र महिलाओं की आय में सुधार कर सकते हैं, और असंगठित श्रमिकों के बच्चों को जीवन में मजबूत नींव उपलब्ध करा सकते हैं (ASK, 2011)। यू.एन. विमेन (2015) भी इसका समर्थन करता है। वे विश्व की महिला की प्रगति पर अपने 2015 की रिपोर्ट में सूचित करते हैं कि महिला श्रमिकों और उनके बच्चों को लाभान्वित करने के अलावा, बच्चों के देखभाल केंद्रों के सार्वजनिक प्रावधान से महिलाओं के लिए देखभालकर्ता श्रमिकों के रूप में और अधिक तथा बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। यदि मामला ऐसा है, तो किस प्रकार के बच्चों के देखभाल केंद्र असंगठित महिला मजदूरों को सबसे अच्छा समर्थन दे सकते हैं? जैसा कि यह शोध दर्शाता है, सभी बाल देखभाल केंद्र समान रूप से उपयोगी नहीं माने गए हैं, और कई कुछ इस तरह स्थापित किए गए हैं कि असंगठित श्रमिक उन तक पहुँच हासिल नहीं कर सकते हैं। नीचे बॉक्स 1 एक ऐसे बच्चों के देखभाल केंद्र की सुविधाओं का सार प्रस्तुत करता है जिसे इस अध्ययन में असंगठित महिला श्रमिकों ने अपने लिए सबसे उपयोगी बताया।

> **“जब मेरा बच्चा नन्हा-सा था और मुझे उसकी देखभाल करनी पड़ी, तो मैं और कुछ नहीं कर पाई और मैंने अपनी आय खो दी। जब मैं किसी काम से जुड़ती हूँ, तो मैं चाहती हूँ कि कोई हो जो मेरे बच्चे की देखभाल करे ताकि मैं अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकूँ”**
> थाई घरेलू श्रमिक

अधिकांशतः असंगठित महिला श्रमिकों को लाभ पहुँचाने के लिए, बाल केंद्र:

- **किफ़ायती हों:** बच्चे की देखभाल या तो मुफ़्त होनी चाहिए या सरकार द्वारा रियायती होनी चाहिए।
- **खुलने का समय असंगठित श्रमिकों के अनुकूल होना चाहिए:** ब्राज़ील में कचरा बीनने वालों ने संगठित होकर, ऐसे बच्चे के देखभाल केंद्र के लिए आंदोलन किया जो प्रातः 7 बजे से रात 10 बजे तक उनके कार्य-समय से मेल खाने वाला हो। देखभाल करने वाले श्रमिकों के अधिक कार्य को रोकने के लिए, दिन को चार पालियों में विभाजित किया गया (ओगांडो और ब्रिटो, 2016)।
- **अच्छी गुणवत्ता युक्त देख-रेख प्रदान करनी चाहिए:** आधारभूत संरचना मौजूद होनी चाहिए, पर्याप्त प्रशिक्षित देखभाल करने वाले श्रमिक होने चाहिए, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना चाहिए, और शैक्षिक तथा स्वास्थ्य घटक शामिल होना चाहिए।
- **देखभाल करने वाली महिला श्रमिकों के लिए रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान करने चाहिए:** देखभाल करने वाले श्रमिकों को कम से कम न्यूनतम वेतन का भुगतान करना चाहिए, विनियमित काम के घंटे होने चाहिए, और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- **सहभागी और समुदाय उन्मुख होना चाहिए :** असंगठित श्रमिकों को प्रशासन और केंद्र चलाने में प्रमुख हितधारकों के रूप में शामिल करना चाहिए, और माता-पिता तथा देखभाल करने वाले श्रमिकों के बीच अच्छे संप्रेषण माध्यम स्थापित किए जाने चाहिए। SEWA ने दर्शाया है कि यदि स्थानीय समुदाय से देखभाल करने वाले श्रमिकों को केंद्रों में नियोजित किया जाता है, तो अधिक स्वाभाविक रूप से संप्रेषण के माध्यम खुलेंगे।
- **सुविधाजनक स्थान पर होना चाहिए :** सुविधाजनक स्थान पर स्थित बाल देखभाल केंद्र, या तो घरों के पास या असंगठित श्रमिकों के कार्यस्थलों के क़रीब होना चाहिए, ताकि परिवहन के कारण देखभाल की लागत में वृद्धि न हो।

निष्कर्ष

वैश्विक अर्थव्यवस्था की संरचना के तरीक़ों के कारण अपने बच्चों की देखभाल के प्रति परिवारों की क्षमता और अधिक मुश्किल हो गई है। विशेष रूप से असंगठित महिला श्रमिकों के लिए, परिस्थिति ज़्यादा मुश्किल हो गई है - वे अपने परिवारों की देखभाल करने के साथ-साथ, कम आय अर्जित करने के लिए काम करती हैं और अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती हैं। इस संदर्भ में, किफ़ायती, गुणवत्तापूर्ण बच्चे की देखभाल सेवाओं का प्रावधान एक ऐसा महत्वपूर्ण तरीक़ा है जिससे महिलाओं की आय में सुधार हो और उनके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को सक्षम बनाएं। बच्चे की देखभाल तक पहुँच को सभी असंगठित महिला श्रमिकों के लिए मजदूर के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए, चाहे वे मजदूरी पर काम करने वाले कर्मचारी हों, या घर या बाहर काम करने वाले स्व-नियोजित कामगार हों।

संदर्भ

एसोसिएशन फ़ॉर स्टिम्यूलेटिंग नो हाउ (ASK). 2011. "SEWA: चाइल्ड केयर इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट." हरियाणा: ASK.

चेन, एम.आर.झाबवाला और एफ़. लुंड. 2011. "सपोर्टिंग वर्कर्स इन इनफ़ार्मल इकॉनोमी: ए पॉलिसी फ़्रेमवर्क." असंगठित अर्थव्यवस्था पर ILO टास्क फ़ोर्स के लिए तैयार आलेख. जिनेवा: WIEGO & ILO.

कुक, एस. और एक्स.डॉन्ग. 2011. "हार्श चॉइसेस: चाइनीस विमेन्स पेड वर्क एंड अनपेड केयर रेस्पॉन्सिबिलिटीज़ अंडर इकोनॉमिक रिफ़ॉर्म." डेवलपमेंट एंड चेंज, 42 (4): 947-965.

एल्सन, डी. 2000. "प्रोग्रेस ऑफ़ दी वर्ल्ड्स विमेन 2000." न्यूयॉर्क: UNIFEM.

लुंड, एफ़. 2010. "हाइरार्कीज़ ऑफ़ केयर वर्क इन साउथ अफ़्रीका: नर्सस, सोशल वर्कर्स एंड होम-बेस्ड केयर वर्कर्स." इंटरनेशनल लेबर रिव्यू 149 (4): 495-509

ओगांडो, ए.सी और एम. ब्रिटो. 2016. "WIEGO चाइल्ड केयर इनिशियेटिव: लैटिन अमेरिका पॉलिसी स्कोपिंग." केम्ब्रिज, मास.: WIEGO.

रज़ावी, एस. 2011. "रीथिंकिंग केयर इन ए डेवलेपमेंट कॉन्टेक्स्ट: एन इन्ट्रोडक्शन." डेवलपमेंट एंड चेंज, 42 (4): 873-903.

UN विमेन. 2015. "प्रोग्रेस ऑफ़ दी वर्ल्ड्स विमेन 2015-2016: ट्रांसफ़ॉर्मिंग इकॉनोमीस, रियलाइज़िंग राइट्स." न्यूयॉर्क: UN विमेन.